समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# पूर्व उपराष्ट्रपति भैरों सिंह शेखावत की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हुए शामिल।

Publisher Published on 15 May 2025



## विद्याधर नगर स्थित स्मृति स्थल पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा मे जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या मे आमजन हुए शामिल।

सवांदाता,जयपुर,राजस्थान

**जयपुर,राजस्थान :** भारत के **पूर्व उपराष्ट्रपति, राजस्थान** के **पूर्व मुख्यमंत्री** और जनता के **प्रिय नेता स्वर्गीय भैरों सिंह शेखावत** जी की पुण्यतिथि के अवसर पर आज विद्याधर नगर, जयपुर स्थित उनके स्मृति स्थल पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर राजस्थान के **मुख्यमंत्री श्री.भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी, जनप्रतिनिधिगण, भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता** एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत **मौन श्रद्धांजलि** और **पुष्पांजलि** अर्पण से हुई। सभी लोगों ने **स्व. भैरों सिंह शेखावत** जी के समर्पित राजनीतिक जीवन, उनकी **दूरदर्शी नेतृत्व क्षमता** और **आमजन** के लिए किए गए कार्यों को याद किया। उन्होंने अपने कार्यकाल में राजस्थान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया और भारत की राजनीति में एक नैतिक आदर्श स्थापित किया।

**मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने अपने संबोधन मे कंहा :**
"भैरों सिंह शेखावत जी न केवल एक कुशल प्रशासक थे, बल्कि उन्होंने जनसेवा को अपना धर्म माना। उन्होंने हमेशा राजस्थान और देश के विकास के लिए कार्य किया। उनके दिखाए मार्ग पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है।"

**उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी** ने भी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि शेखावत जी का जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनका **समर्पण, अनुशासन** और **ईमानदारी** आज के नेताओं के लिए एक मिसाल है।

### स्मृति स्थल पर उमड़ी श्रद्धांजलि देने वालों की भीड़

श्रद्धांजलि सभा में हजारों की संख्या में लोग उपस्थित हुए, जिन्होंने उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में भजन संध्या एवं शेखावत जी के जीवन पर एक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.